# राजकीय महाविद्यालय बहू (झज्जर)

## सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट (सेशन 2021-22)

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से अनुमति (पत्र क्रमांक: NSS/22/43, दिनांक: 28.02.2022) मिलने के बाद राजकीय महाविद्यालय बहू की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर 19.03.2022 से 25.03.2022 के बीच गांव बहू में लगाया गया। जिसमे 50 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। इस सात दिवसीय विशेष शिविर की प्रतिदिन की रिपोर्ट निम्नलिखित है -

### पहला दिन (दिनांक: 19/03/2022)

राजकीय महाविद्यालय बहू की राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का प्रारंभ स्थानीय धर्मशाला, रामलीला मैदान, गांव बहू में किया गया। इस उद्घाटन दिवस की मुख्य अतिथि डॉ० पूजा राव, प्राध्यापिका, वैश्य विधि महाविद्यालय, रोहतक तथा शोध संस्था की सह संयोजक, को आमंत्रित किया व पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि डॉ० पूजा राव ने अपने भाषण में महिला सशक्तिकरण के लिए आधुनिक टेक्नोलॉजी के सभी आवश्यक पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला तथा समाज में महिलाओं की स्थिति और उसमें आ रहे परिवर्तन के बारे में अनुभव आधारित चर्चा की। उन्होंने छात्राओं को साइबर बुलिंग तथा हैकिंग जैसी समस्याओं के बारे में बताते हुए इनके समाधान में साइबर कानून की भूमिका को समझाया। स्वयं सेविकाओं ने डॉ० पूजा राव से अपने प्रश्न पूछे और अपनी समस्याओं को साझा किया। इसके बाद श्री विनय कुमार, प्राथमिक चिकित्सा लेक्चरर, रेड क्रॉस झज्जर ने बच्चों को प्राथमिक चिकित्सा व होम नर्सिंग की ट्रेनिंग दी।

### दूसरा दिन (दिनांक: 20/03/2022)

स्वयं सेविकाओं ने धर्मशाला, मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई की। स्वयं सेविकाओं ने गांव बहु में स्वच्छता का संदेश देते हुए रैली निकाली। इस रैली में नारे लगाकर स्वयं सेविकाओं ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। और अपने आसपास सफाई रखने की अपील की।

### तीसरा दिन (दिनांक: 21/03/2022)

स्वयं सेविकाओं ने धर्मशाला, मंदिर परिसर व आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई की। स्वयं सेविकाओं ने स्थानीय लोगों से पॉलिथीन की जगह कपड़े का थैला प्रयोग करने की अपील की। मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे श्री नरेंद्र कुमार जी, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर इतिहास विभाग, राजकीय महाविद्यालय बहू ने अपने विस्तार व्याख्यान में महात्मा गांधी जी के दर्शन के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि हमें महात्मा गांधी जी के विचारों जैसे - सत्य और अहिंसा का दृढ़ता से पालन करना चाहिए। दुसरे मुख्य वक्ता श्री आदित्य गोयल, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर इतिहास विभाग, राजकीय महाविद्यालय बहू ने अपने विस्तार व्याख्यान में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि एन०एस०एस० के इस सात दिवसीय शिविर में से की गई सभी बातों को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए।

### चौथा दिन (दिनांक: 22/03/2022)

स्वयं सेविकाओं ने धर्मशाला व आसपास और मस्जिद व उसके आस-पास के क्षेत्र की सफाई की। तत्पश्चात गांव में नशा मुक्त समाज का संदेश देते हुए रैली निकाली। इस रैली के माध्यम से लोगों को नशे के कारण होने वाली बीमारियों के प्रति जागरूक किया और लोगों से नशे की आदत छोड़ने की अपील की। स्वयं सेविकाओं ने चौपाल में बैठे बुजुर्गों से बीडी और हुक्का छोड़ने का आग्रह किया। राजकीय महाविद्यालय बिरोहर की प्राचार्या डॉ अनीता फोगाट ने अपने विस्तार व्याख्यान में स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए 'एन०एस०एस० के मुख्य उद्देश्यों' के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इसके अलावा डॉ० सुनील कुमार, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर इकोनॉमिक्स विभाग, राजकीय महाविद्यालय बहू ने अपने विस्तार व्याख्यान में स्वयं सेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि युवा

शक्ति ही समाज में व्याप्त जाति प्रथा, छुआछूत व भेदभाव जैसी बुराइयों को दूर कर सकती है। उन्होंने स्वयं सेविकाओं से कहा कि हमें अपने आस-पास के लोगो को इस प्रकार के संकीर्ण विचारों से ऊपर उठने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

## पांचवा दिन (दिनांक: 23/03/2022)

स्वयं सेविकाओं ने राजकीय महाविद्यालय बहू के प्रांगन की सफाई की। इसके अलावा स्वयं सेविकाओं ने गांव बहु में जल संरक्षण का संदेश देते हुए रैली निकाली व स्थानीय लोगों से जल बचाने की अपील की। प्रो० रीना ने अपने विस्तार व्याख्यान में छात्राओं को पढ़-लिखकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया की हमें रानी लक्ष्मीबाई, लता मंगेश्कर, कल्पना चावला, किरण बेदी, साइना नेहवाल, मैरीकॉम को अपनी प्रेरणा स्त्रोत मानना चाहिए। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण के विषय पर पोस्टर मेकिंग व स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें स्वयं सेविकाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया।

## छठा दिन (दिनांक: 24/03/2022)

स्वयं सेविकाओं ने धर्मशाला उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई की, उसके बाद राजकीय प्राथमिक विद्यालय में श्रमदान दिया। हरियाणा पुलिस से यातायात समन्वयक एएसआई सत्य प्रकाश जी (झज्जर)ने स्वयं सेविकाओं को सड़क सुरक्षा के नियमों को विस्तार पूर्वक बताया। उन्होंने वाहन चलाते समय असावधानी के कारण व नियमों का पालन न करने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं का वर्णन किया। उन्होंने हरियाणा पुलिस की मुहिम "एक समय उपयोग होने वाले पॉलीथिन" पर प्रतिबंध लगाने के बारे में बताया। उन्होंने स्वयं सेविकाओं से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने वह दूसरों से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करवाने की अपील की। वाणिज्य विभाग के अध्यक्ष डॉ० मोहन कुमार ने अपने विस्तार व्याख्यान में स्वयंसेवकों को कैशलैस ट्रांजेक्शन और डिजिटल इंडिया के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

## सातवाँ दिन (दिनांक: 25/03/2022)

राजकीय महाविद्यालय बहु में आज सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिन स्वयं सेविकाओं ने धर्मशाला व आसपास के क्षेत्र की साफ सफाई की, उसके बाद समापन समारोह की तैयारी की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ० यशवीर सिंह, प्राचार्य, जनता कॉलेज चरखी दादरी रहे। उन्होंने छात्राओं के साथ अपने एनएसएस के अनुभव साझा किए तथा छात्राओं को एन०एस०एस० के उद्देश्य तथा महत्व के बारे में विस्तार से बताया। छात्राओं ने भी अपने विशेष शिविर के सात दिनों के अनुभव साझा किए। कई छात्राओं ने कविता व नृत्य की प्रस्तुति दी। सात दिवसीय विशेष शिविर की बेस्ट स्वयंसेविका बबली, व बेस्ट कैंप होल्डर दीपिका और मनीषा रही। महाविद्यालय की एन०एस०एस० प्रभारी प्रोफेसर पूजा शर्मा ने एनएसएस की सात दिन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इससे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ जितेंद्र कुमार भारद्वाज जी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया व कार्यक्रम में पहुँचने पर हार्दिक धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य महोदय ने इस एनएसएस शिविर के सफल आयोजन पर एन०एस०एस० प्रभारी प्रो० पूजा शर्मा को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

Pooja Sharma
NSS PO
GOVT. COLLEGE BAHU
JHAJJAR

जितेंद्र 26/3/2022
Principal
GOVT. COLLEGE, BAHU
Distt. Jhajjar (Hry.)